**Series GEFH1/1**

**SET ~ 1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book. *

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

| नोट / NOTE : | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।<br>Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।<br>Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**<br>**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।<br>15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***30*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न–पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है –* ***खण्ड क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***12*** *तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के* ***एक-एक*** *अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***13*** *से* ***18*** *तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के* ***दो-दो*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***50*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***23*** *तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के* ***चार-चार*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***100*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***24*** *से* ***26*** *तक अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र–आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***27*** *से* ***30*** *तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के* ***छह–छह*** *अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***170*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल* ***एक*** *ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***12*** *तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के* ***एक-एक*** *अंक के प्रश्न हैं ।* *12×1=12*

**1.** सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए :
मिखाइल गोर्बाचेव __________ ।

(a) सोवियत संघ की कम्यूनिस्ट पार्टी के महासचिव थे

(b) रूस के साम्यवादी दल के संस्थापक थे

(c) पश्चिमी यूरोपीय देशों के एक नेता थे

(d) सोवियत संघ में सुधारों का विरोध करने वाले एक नेता थे

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** sections – Section **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A** – Questions no. **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B** – Questions no. **13** to **18** are Short Answer (SA) type questions, carrying **2** marks each. Answers to these questions should not exceed **50** words each.*

*(v)* *In **Section C** – Questions no. **19** to **23** are Long Answer (LA) type questions, carrying **4** marks each. Answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *In **Section D** – Questions no. **24** to **26** are Passage, Cartoon and Map-based questions.*

*(vii)* *In **Section E** – Questions no. **27** to **30** are Long Answer (LA) type questions, carrying **6** marks each. Answers to these questions should not exceed **170** words each.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.* *12×1=12*

**1.** Choose the correct option to complete the sentence :

Mikhail Gorbachev was ___________.

(a) General Secretary of the Communist Party of USSR

(b) the founder of the Communist Party of Russia

(c) a leader of Western European countries

(d) a leader against reforms in the USSR

**2.** सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए :

अरब स्प्रिंग एक __________ ।

(a) राजनीतिक आन्दोलन था (b) सांस्कृतिक आन्दोलन था

(c) सामाजिक आन्दोलन था (d) पर्यावरणीय आन्दोलन था

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सी संस्था अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षों को रोकने का काम करती है ?

(a) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग

(b) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्

(c) आसियान

(d) एमनेस्टी इन्टरनेशनल

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा ***नहीं*** है ?

(a) ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापवृद्धि) (b) अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद

(c) महामारियाँ (d) बढ़ती कीमतें

**5.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन पर्यावरण के बारे में सही हैं ?

(i) पर्यावरण की चिन्ताएँ वैश्विक राजनीति का अंग हैं ।

(ii) पर्यावरण पर एक सम्मेलन 1992 में रियो-डी-जनेरियो में आयोजित हुआ था ।

(iii) संयुक्त राष्ट्रसंघ ने पर्यावरणीय कार्यक्रमों का संचालन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग को सौंप दिया है ।

(iv) पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र द्वारा किया गया था ।

सही विकल्प चुनिए ।

(a) (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iv)

(c) (i), (ii), (iii) (d) (ii), (iii), (iv)

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक वैश्वीकरण का मुख्य कारण है ?

(a) संयुक्त राष्ट्रसंघ का गठन

(b) नई प्रौद्योगिकी का विकास

(c) विश्व बैंक की स्थापना

(d) भारत और चीन में अर्थव्यवस्था का उत्थान

2. Choose the correct option to complete the sentence :

Arab Spring was a __________.

(a) Political movement (b) Cultural movement

(c) Social movement (d) Environmental movement

3. Which one of the following organisations works to prevent international conflicts ?

(a) United Nations Human Rights Commission

(b) United Nations Security Council

(c) ASEAN

(d) Amnesty International

4. Which one of the following is ***not*** a threat to global security ?

(a) Global warming (b) International terrorism

(c) Epidemics (d) Rising prices

5. Which of the following statements about environment are correct ?

(i) Environmental concerns are part of the global politics.

(ii) A conference on environment was held in Rio-de-Janeiro in 1992.

(iii) The UN has assigned the environmental programmes to UN Human Rights Commission.

(iv) The Earth Summit was organised by the United Nations.

Choose the correct option.

(a) (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iv)

(c) (i), (ii), (iii) (d) (ii), (iii), (iv)

6. Which one of the following is the main cause of Globalisation ?

(a) The formation of United Nations

(b) The development of new technology

(c) The establishment of the World Bank

(d) The rise of economy in India and China

7. निम्नलिखित विकल्पों में से भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों वाला समूह चुनिए :

(a) असम, मणिपुर, छत्तीसगढ़

(b) मणिपुर, त्रिपुरा, नागालैण्ड

(c) झारखण्ड, नागालैण्ड, उत्तराखण्ड

(d) मणिपुर, महाराष्ट्र, मिज़ोरम

8. वाक्य पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनिए :

भारत सरकार ने पंचवर्षीय योजनाओं को __________ की नीति के रूप में अपनाया ।

(a) नियोजित विकास (b) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(c) समाजवाद (d) औद्योगीकरण

9. 1974 में राष्ट्रव्यापी रेल हड़ताल का आह्वान किसने किया था ?

(a) जयप्रकाश नारायण (b) जॉर्ज फर्नांडीस

(c) राम मनोहर लोहिया (d) मोरारजी देसाई

10. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) पाकिस्तान ने कश्मीर में कबायली घुसपैठिए भेजे ।

(ii) शेख अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर का वज़ीरे-आज़म बना ।

(iii) पंजाब समझौते पर लोंगोवाल और राजीव गाँधी ने हस्ताक्षर किए थे ।

(iv) जम्मू-कश्मीर एक देसी रियासत थी ।

सही विकल्प चुनिए ।

(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (iv), (i), (ii), (iii)

(c) (iv), (ii), (i), (iii) (d) (ii), (i), (iv), (iii)

11. निम्नलिखित में से किस प्रधान मंत्री ने सर्वप्रथम भारत में आर्थिक सुधारों की शुरुआत की ?

(a) इंदिरा गाँधी

(b) राजीव गाँधी

(c) मनमोहन सिंह

(d) इन्द्र कुमार गुजराल

7. From the following options, choose the set of States that belong to North-East India only.

(a) Assam, Manipur, Chhattisgarh

(b) Manipur, Tripura, Nagaland

(c) Jharkhand, Nagaland, Uttarakhand

(d) Manipur, Maharashtra, Mizoram

8. Choose the correct option to complete the sentence :

Five Year Plans were adopted by the Government of India as a policy of ___________.

(a) planned development (b) mixed economy

(c) socialism (d) industrialisation

9. Who gave a call for a nationwide Railway Strike in 1974 ?

(a) Jayaprakash Narayan (b) George Fernandes

(c) Ram Manohar Lohia (d) Morarji Desai

10. Arrange the following in the chronological order :

(i) Pakistan sent tribal infiltrators to Kashmir.

(ii) Sheikh Abdullah became Prime Minister of Jammu and Kashmir.

(iii) The Punjab Accord was signed by Longowal and Rajiv Gandhi.

(iv) Jammu and Kashmir was a Princely State.

Choose the correct option.

(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (iv), (i), (ii), (iii)

(c) (iv), (ii), (i), (iii) (d) (ii), (i), (iv), (iii)

11. Who among the following was the first Prime Minster to start economic reforms in India ?

(a) Indira Gandhi

(b) Rajiv Gandhi

(c) Manmohan Singh

(d) Inder Kumar Gujral

*प्रश्न संख्या 12 के लिए, दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।*

**12.** *अभिकथन (A) :* मई 1977 में, जनता पार्टी की सरकार ने न्यायमूर्ति जे.सी. शाह के नेतृत्व में एक जाँच आयोग को नियुक्त किया ।

*कारण (R) :* आयोग को इंदिरा गाँधी सरकार द्वारा घोषित आपातकाल के कारणों की जाँच के लिए नियुक्त किया गया था ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

## खण्ड ख

**13.** 'आसियान शैली' की किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण विशेषताओं को उजागर कीजिए । *2×1=2*

**14.** किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से संयुक्त राष्ट्रसंघ की शक्ति को दर्शाइए । *2×1=2*

**15.** 'सुरक्षा' पद की व्याख्या कीजिए । *2*

**16.** ऐसे किन्हीं चार क्षेत्रीय दलों के नाम लिखिए, जिन्होंने किसी राज्य में कभी अपनी सरकार बनाई हो । $4\times\frac{1}{2}=2$

**17.** मंडल आयोग की किन्हीं दो सिफारिशों को उजागर कीजिए । *2×1=2*

**18.** भारत में पहली मिली-जुली सरकार (गठबंधन की सरकार) किस वर्ष में बनी और क्यों बनी ? *1+1=2*

*For Question number 12, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (a), (b), (c) and (d) given below.*

**12.** *Assertion (A) :* In May 1977, the Janata Party government appointed a Commission of Inquiry headed by Justice J.C. Shah.

*Reason (R) :* The Commission was appointed to inquire into the reasons for declaring Emergency, by the Indira Gandhi Government.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

## SECTION B

**13.** Highlight any two important features of the 'ASEAN way'. *$2\times1=2$*

**14.** Show with the help of any two examples, the strength of the United Nations. *$2\times1=2$*

**15.** Explain the term 'Security'. *2*

**16.** Name any four regional parties which have ever formed their government in any State. *$4\times\frac{1}{2}=2$*

**17.** Highlight any two recommendations of the Mandal Commission. *$2\times1=2$*

**18.** In which year was the first coalition government formed in India and why ? *$1+1=2$*

## खण्ड ग

**19.** 'यूनिसेफ (UNICEF)' का पूर्ण रूप लिखिए तथा इसके कोई दो कार्य लिखिए । *1+3=4*

**20.** अपने दैनिक जीवन पर वैश्वीकरण के हुए किन्हीं दो प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । *2×2=4*

**21.** प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के कोई दो उपाय सुझाइए । *2×2=4*

**22.** भारत-इज़रायल संबंधों की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *4×1=4*

**23.** ग़रीबी हटाने के लिए इंदिरा गाँधी द्वारा उठाए गए किन्हीं चार कदमों को उजागर कीजिए । *4×1=4*

## खण्ड घ

**24.** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

"चीन के साथ हुए युद्ध ने भारत के नेताओं को पूर्वोत्तर क्षेत्र की डाँवाँडोल स्थिति के प्रति सचेत किया । अलग-थलग एवं अत्यन्त अविकसित होने के अतिरिक्त, यह क्षेत्र भारत के समक्ष राष्ट्रीय अखंडता और राजनीतिक एकता के लिए चुनौती प्रस्तुत कर रहा था ।"

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, पूर्वोत्तर का राज्य ***नहीं*** है ?

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) उत्तराखण्ड

(c) मेघालय (d) त्रिपुरा

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, भारत-चीन युद्ध के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुआ ?

(a) असम (b) नागालैण्ड

(c) अरुणाचल प्रदेश (d) सिक्किम

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य, भारत-चीन युद्ध के तुरन्त बाद पूर्वोत्तर में गठित किया गया था ?

(a) नागालैण्ड (b) असम

(c) सिक्किम (d) अरुणाचल प्रदेश

## SECTION C

**19.** Write the full form of 'UNICEF' and state any two functions of it. *1+3=4*

**20.** Analyse any two effects of globalisation on your daily life. *2×2=4*

**21.** Suggest any two measures to conserve the natural resources. *2×2=4*

**22.** Explain any four features of India-Israel relations. *4×1=4*

**23.** Highlight any four steps taken by Indira Gandhi to remove poverty. *4×1=4*

## SECTION D

**24.** Read the following passage carefully and answer the questions that follow : *4×1=4*

"The war with China alerted the Indian leadership to the volatile situation in the North-East region. Apart from being isolated and extremely under-developed, this region also presented India with the challenge of national integration and political unity."

(i) Which one of the following States is ***not*** a North-Eastern State ?

(a) Arunachal Pradesh (b) Uttarakhand

(c) Meghalaya (d) Tripura

(ii) Which one of the following States was affected the most due to Sino-Indian conflict ?

(a) Assam (b) Nagaland

(c) Arunachal Pradesh (d) Sikkim

(iii) Which one of the following States was created in the North-East just after the end of Indo-China War ?

(a) Nagaland (b) Assam

(c) Sikkim (d) Arunachal Pradesh

(iv) कौन-सा राजनीतिक दल, भारत-चीन युद्ध के तुरन्त बाद आंतरिक मतभेद होने के कारण विघटित हुआ ?

(a) स्वतंत्र पार्टी

(b) काँग्रेस पार्टी

(c) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया

(d) जनसंघ

**25.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर) में चार राज्यों/केन्द्र-शासित क्षेत्रों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ तथा Ⓓ के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों/केन्द्र-शासित क्षेत्रों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : *4×1=4*

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) वह राज्य जिससे मंडल आयोग के अध्यक्ष, बी.पी. मंडल का सम्बन्ध था ।

(ii) वह राज्य जहाँ बहुजन समाज पार्टी ने अपनी पहली सरकार बनाई ।

(iii) वह केन्द्र-शासित क्षेत्र जिसका गठन 2019 में किया गया था ।

(iv) वह राज्य जहाँ से द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम राजनीतिक पार्टी का उदय हुआ ।

प्रश्न सं. 25 के लिए



भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
A
D
B
C
km
Scale 1:15000,000
km
100 50 0
100 200 300 400 500

(iv) Which political party got split just after the Indo-China War due to internal differences ?

(a) Swatantra Party

(b) Congress Party

(c) Communist Party of India

(d) Jana Sangh

**25.** In the given political outline map of **India** (on page 15), four States/Union Territories have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ. Identify these States/Union Territories on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format :

| Serial number of the information used | Concerned alphabet given in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) The State to which the Chairman of the Mandal Commission, B.P. Mandal, belonged.

(ii) The State where Bahujan Samaj Party formed its first government.

(iii) The Union Territory which was constituted in 2019.

(iv) The State from which the political party Dravida Munnetra Kazhagam originated.

For question no. 25



***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***25*** *के स्थान पर हैं :* *4×1=4*

(25.1) बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक नेता का नाम लिखिए ।

(25.2) भारत के पहले ग़ैर-काँग्रेसी प्रधान मंत्री कौन थे ?

(25.3) मंडल आयोग के अध्यक्ष, बी.पी. मंडल, भारत के किस राज्य से संबंधित थे ?

(25.4) 2019 में किस केन्द्र-शासित क्षेत्र का गठन किया गया था ?

**26.** नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*




(i) दायीं ओर बैठा बाघ कौन-से संगठन को दर्शा रहा है ?

(a) लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम

(b) लिबरल टाइगर्स ऑफ तमिल एस्टेट

(c) लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईस्ट

(d) लिबरल टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम

**Note :** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***25*** *:* *4×1=4*

(25.1) Name the founder leader of the Bahujan Samaj Party.

(25.2) Who was the first Non-Congress Prime Minister of India ?

(25.3) B.P. Mandal, the chairman of Mandal Commission belonged to which State of India ?

(25.4) Which Union Territory was constituted in 2019 ?

**26.** Study the cartoon given below and answer the questions that follow : *4×1=4*




(i) The tiger sitting on the right-hand side represents which organisation ?

(a) Liberation Tigers of Tamil Eelam

(b) Liberal Tigers of Tamil Estate

(c) Liberation Tigers of Tamil East

(d) Liberal Tigers of Tamil Eelam

(ii) 1983 के बाद श्रीलंका में उभरा संघर्ष निम्नलिखित में से किस पर आधारित था ?

(a) सरकार द्वारा राजनीतिक पार्टियों के बीच भेदभाव

(b) सरकार द्वारा दो समुदायों के बीच भेदभाव

(c) सरकार द्वारा दो क्षेत्रों के बीच भेदभाव

(d) सरकार द्वारा दो धर्मों के बीच भेदभाव

(iii) श्रीलंका में संघर्ष के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन *सत्य* है ?

(a) भारत इस समस्या से दूर रहा और कोई हस्तक्षेप नहीं किया ।

(b) भारत ने संयुक्त राष्ट्रसंघ से समस्या हल करने को कहा ।

(c) भारत ने श्रीलंका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और समस्या के समाधान में शामिल हुआ ।

(d) संघर्ष के दौरान, भारत ने श्रीलंका के साथ अपने राजनयिक संबंध तोड़ लिए ।

(iv) कार्टून क्या सन्देश देता है ?

(a) श्रीलंका की सरकार परस्पर विरोधी दोनों गुटों के बीच संतुलन बनाने में सफल रही ।

(b) दोनों गुट सरकार के विरुद्ध थे ।

(c) सरकार ने दोनों समुदायों के साथ समान व्यवहार किया ।

(d) परस्पर विरोधी दोनों गुटों के बीच संतुलन बनाना बहुत कठिन था ।

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*

(26.1) श्रीलंका में संघर्ष __________ के बीच था ।

(a) दो समुदायों

(b) दो क्षेत्रों

(c) दो धर्मों

(d) दो विचारधाराओं

(ii) The conflict in Sri Lanka from 1983 onwards was based on which of the following ?

(a) Discrimination by the government between political parties

(b) Discrimination by the government between two communities

(c) Discrimination by the government between two regions

(d) Discrimination by the government between two religions

(iii) Which one of the following statements about Sri Lankan crisis is *true* ?

(a) India did not interfere in the crisis and kept away from the problem.

(b) India asked the United Nations to resolve the problem.

(c) India signed an Accord with Sri Lanka and got involved in the solution to the problem.

(d) India snapped its diplomatic relations with Sri Lanka during the crisis.

(iv) What message does the cartoon convey ?

(a) Sri Lankan government managed to balance the two rival groups.

(b) Both the groups were against the government.

(c) The government treated both the communities equally.

(d) It was very difficult to maintain balance between the two rival groups.

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***26*** *:* *4×1=4*

(26.1) In Sri Lanka, there was a conflict between __________.

(a) two communities

(b) two regions

(c) two religions

(d) two ideologies

(26.2) 1989 में, भारत ने श्रीलंका में अपनी सेना, निम्नलिखित में से किस एक नाम के अन्तर्गत भेजी ?

(a) भारतीय शान्ति समूह

(b) भारतीय शान्ति सेना

(c) भारतीय शान्ति दूत

(d) तमिलों की भारतीय सेना

(26.3) श्रीलंका की सेना के विरुद्ध लड़ने वाले तमिल लोगों के समूह का नाम लिखिए ।

(a) भारतीय तमिल

(b) लिट्टे (एल.टी.टी.ई.)

(c) तमिल्स फॉर डेमोक्रेसी

(d) तमिल यूनाइटेड फ्रंट

(26.4) संघर्षों के बावजूद, श्रीलंका ने ____________ ।

(a) आर्थिक वृद्धि और विकास प्राप्त किया

(b) अर्थव्यवस्था में गिरावट दर्ज की

(c) जनसंख्या में वृद्धि दर्ज की

(d) व्यापार में गिरावट दर्ज की

## खण्ड ङ

**27.** (क) सोवियत संघ के विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

(ख) 'अरब स्प्रिंग' के प्रारम्भ होने के किन्हीं दो कारणों तथा इस आंदोलन के किन्हीं दो परिणामों का विश्लेषण कीजिए । $4\times1\frac{1}{2}=6$

**28.** (क) स्वतंत्रता के बाद भारत के समक्ष आई किन्हीं तीन चुनौतियों को उजागर कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

(ख) देसी रियासतों (रजवाड़ों) को भारत संघ में शामिल करने में सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमिका उजागर कीजिए । किन्हीं तीन उदाहरणों की सहायता से अपने उत्तर का समर्थन कीजिए । *3×2=6*

(26.2) In 1989, India sent troops to Sri Lanka, named as :

(a) Indian Peace Groups

(b) Indian Peace Keeping Force

(c) Indian Peace Workers

(d) Indian Troops for Tamils

(26.3) Name the group of Tamils who fought against the army of Sri Lanka.

(a) Indian Tamils

(b) LTTE

(c) Tamils for Democracy

(d) Tamil United Front

(26.4) In spite of conflict, Sri Lanka has registered __________.

(a) rise in its economy and development

(b) fall in its economy

(c) rise in the population

(d) fall in its trade

## SECTION E

**27.** (a) Analyse any three reasons responsible for the disintegration of the Soviet Union. *3×2=6*

**OR**

(b) Analyse any two reasons for the beginning of 'Arab Spring' and any two outcomes of this movement. $4\times1\frac{1}{2}=6$

**28.** (a) Highlight any three challenges faced by India after independence. *3×2=6*

**OR**

(b) Highlight the role of Sardar Vallabhbhai Patel to bring the Princely States into the Indian Union. Support your answer with the help of any three examples. *3×2=6*

**29.** (क) एक अति प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन के रूप में यूरोपीय संघ की ताकत का मूल्यांकन किन्हीं तीन तथ्यों के आधार पर कीजिए। *3×2=6*

**अथवा**

(ख) "विभिन्न समस्याओं के बावजूद, दक्षिण एशिया के सभी देशों के लोग लोकतंत्र का समर्थन एवं उसकी आकांक्षा करते हैं।" किन्हीं तीन उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *3×2=6*

**30.** (क) स्वतंत्रता के बाद प्रथम बीस वर्षों में भारतीय राजनीति में काँग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। *3×2=6*

**अथवा**

(ख) 1975 में आपातकाल घोषित करने के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। *3×2=6*

**29.** (a) Evaluate the strength of European Union as the most effective regional organisation on the basis of any three facts. *3×2=6*

**OR**

(b) "Despite various problems, the people in all the South Asian countries share the aspiration and support for democracy." Justify the statement with any three suitable examples. *3×2=6*

**30.** (a) Analyse any three reasons for the dominance of the Congress Party in Indian politics during the initial twenty years after independence. *3×2=6*

**OR**

(b) Analyse any three reasons for the declaration of Emergency in 1975. *3×2=6*